राजस्थान सरकार

# राजस्थान शिक्षा विभाग (प्राथमिक एवं माध्यमिक) में कार्यरत कर्मचारियों का संक्षिप्त विश्लेषणात्मक विवरण

*31-3-1978*

निदेशालय, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर।

## प्राक्कथन

प्रस्तुत प्रकाशन में राजस्थान शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों का विश्लेषणात्मक अध्ययन करने का प्रयास किया गया है। राजस्थान शिक्षा विभाग (प्राथमिक एवं माध्यमिक) में 31 मार्च, 1978 को 96,470 कर्मचारी कार्यरत थे, जो कार्यरत कर्मचारियों का लगभग 25 प्रतिशत है। गत कुछ वर्षों की प्रवृत्ति (Trend) के अनुसार विभाग में प्रति वर्ष लगभग 8 से 10 प्रतिशत की दर से कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि हुई है।

विभाग के इतने बड़े कर्मचारी समुदाय के सुचारु व्यवस्थापन एवं प्रशासन के लिए तथा विभागीय नीतियों एवं योजनाओं के अभीष्ट क्रियान्वयन के लिए कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न पहलुओं की सूचनाओं का संकलन करना आवश्यक हो जाता है, ताकि प्रशासन एवं रीति नीतियों के क्रियान्वयन के संदर्भ में उपस्थित होने वाली व्यावहारिक समस्याओं के सर्वाधिक मान्य समाधान प्राप्त किए जाने के मार्ग निर्दिष्ट किए जा सकें।

कर्मचारियों के इस विस्तृत समुदाय के संबंध में समय समय पर शिक्षा प्रशासकों एवं योजनाकारों को विभिन्न प्रकार की सांख्यिकीय सूचनाओं की आवश्यकता पड़ती रहती है। वांछित सूचनाओं को मान्य रूप से संकलित एवं संधारित कर विश्लेषणात्मक टिप्पणी के साथ उपलब्ध करवाना समय साध्य होता है तो साथ ही सूचनाओं की आवश्यकता भी अविलम्ब रहती है।

NIEPA DC
D01870

-5A4
370.78
RAJ-R

Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
[illegible]
[illegible] Marg, [illegible]-110016
DOC. No. 1870
Date 26.11.89

इस स्थिति के निराकरण स्वरूप विभाग संगणक यंत्रों की सहायता से एक 'प्रभावी कार्मिक प्रबंध पद्धति' ( Effective Personnel Management System ) विकसित करने के प्रयास में है। इसी प्रयास की प्रथम कड़ी के रूप में इस सत्र में सितम्बर, 1978 की संदर्भ तिथि से विभाग में कार्यरत अध्यापकों की वैयक्तिक सूचना ( personnel Information ) संकलित की गई है और इस संकलित सूचना के आधार पर इस वर्ष के अंत तक विश्लेषणात्मक प्रतिवेदन संभवतः प्रकाशित किया जा सकेगा।

इस प्रयोजना की सफलता के साथ ही विभाग इसी प्रकार विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों के संदर्भ में भी इस प्रबंध पद्धति का उपयोग, समग्र प्रशासन एवं कार्मिक प्रबंध के कुशल बनाने हेतु करेगा।

प्रकाशन को और अधिक उपयोगी बनाने संबंधी सुझाव स्वागत योग्य होंगे।

बीकानेर
दि. 20 मई, 1979

अनिता वैश्य
निदेशक

## राजस्थान शिक्षा विभाग (प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा) में कार्यरत कर्मचारियों का संक्षिप्त विश्लेषणात्मक विवरण

( 31-3-1978 )

**

यह एक अनुभवगम्य तथ्य है कि किसी भी योजना के सफल क्रियान्वयन एवं प्रशासन के कुशल संचालन में जन शक्ति की अहम भूमिका होती है ।

इसी तथ्य को दृष्टिगत रखकर विभाग अपने सभी घटकों से 31 मार्च, 1978 की संदर्भ तिथि से कार्यरत कर्मचारियों की विभिन्न सूचनाएँ संकलित करता है, ताकि संकलित सूचना के आधार पर सक्षम प्रशासन निर्मित करने के निमित्त आवश्यक व्यवस्था की जा सके ।

प्रस्तुत प्रतिवेदन में विभाग में कार्यरत विभिन्न वर्ग के समस्त राजकीय कर्मचारियों की संख्यात्मक सारणियाँ दी गई है और साथ ही उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए यत्किंचित विश्लेषण भी किया गया है, जो निम्नवत् है :-

<u>अराजपत्रित</u>

(1) शिक्षा विभाग में कुल अराजपत्रित कर्मचारियों की संख्या 94531 है, इनमें से 74773 स्थाई कर्मचारी है तथा अस्थाई कर्मचारियों की संख्या 16541 है । अंशकालीन कर्मचारियों की संख्या 3217 है ।

(2) कुल अराजपत्रित कर्मचारियों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कर्मचारियों की संख्या 6952 है जो कुल अराजपत्रित कर्मचारियों का 7.35 प्रतिशत है । इसी प्रकार महिलाओं की संख्या 14245 है जो कुल अराजपत्रित कर्मचारियों का 15.07 प्रतिशत है ।

(3) अराजपत्रित कर्मचारियों में से 52940 अर्थात् 54.88 प्रतिशत कर्मचारियों के स्वयं के मकान है । अराजपत्रित कर्मचारियों में से 15094 अर्थात् 15.97 प्रतिशत कर्मचारी मकान किराया भत्ता प्राप्त करते है। शहरी भत्ता प्राप्त करने वाले कर्मचारियों की संख्या 3800 है ।

(4) वेतन वर्गानुसार विश्लेषण करने पर यह पाया गया कि अधिकांश कर्मचारी 400-500 के वेतन वर्ग में आते है, जिनकी संख्या 26343 है जो कुल अराजपत्रित कर्मचारियों का 27.87 प्रतिशत है । तत्पश्चात् 20626 कर्मचारी 500-600 वेतन वर्ग में आते है जो अराजपत्रित कर्मचारियों की संख्या का 21.82 प्रतिशत है ।

(5) पदानुसार वर्गीकरण करने पर ज्ञात होता है कि सबसे अधिक संख्या अधीनस्थ कर्मचारियों की है, जो 78258 है । चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की संख्या 12434 है जो कुल कर्मचारियों का 12.89 प्रतिशत है । मंत्रालयिक कर्मचारी 3839 है जो कुल कर्मचारियों का 3.98 प्रतिशत है ।

राजपत्रित :

(1) राजपत्रित कर्मचारियों की कुल संख्या 1939 है इसमें से 1637 स्थाई तथा 302 अस्थाई है ।

(2) राजपत्रित कर्मचारियों की कुल संख्या में 46 कर्मचारी अनुसूचित जाति व जनजाति के है तथा 244 महिला कर्मचारी कार्यरत है ।

(3) 358 राजपत्रित कर्मचारी मकान किराया भत्ता प्राप्त करते है तथा 71 कर्मचारी नगर भत्ता प्राप्त करते है । 1110 राजपत्रित कर्मचारियों के स्वयं के मकान है, जो कुल राजपत्रित कर्मचारियों की संख्या का 57.25 प्रतिशत ।

(4) अधिकांश राजपत्रित कर्मचारी 1000-1200 के वेतन वर्ग में आते है जिनकी संख्या 795 है, जो कि कुल राजपत्रित कर्मचारियों का 41 प्रतिशत है । सबसे कम राजपत्रित कर्मचारी 500 से 600 के वेतन वर्ग में आते है जिनकी संख्या 4 है ।

(5) वर्ष 1973-74 में राज्य में कुल कर्मचारियों की संख्या लगभग दो लाख थी । आलोच्य वर्ष में अन्य विभागों की तुलना में शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या कहीं अधिक थी, जो राज्य के कुल कर्मचारियों का लगभग 25 प्रतिशत है ।

सारणी - 1

वेतन अनुसार अराजपत्रित कर्मचारी

| वेतन वर्ग | स्थाई | अस्थाई | पार्ट-टाईम | योग |
|---|---|---|---|---|
| 300 रु से कम | 7704 | 2164 | 3089 | 12957 |
| 300 रु से अधिक 400 से कम | 11529 | 7535 | 87 | 19151 |
| 400 रु से अधिक 500 से कम | 22013 | 4292 | 38 | 26343 |
| 500 रु से अधिक 600 से कम | 19207 | 1416 | 3 | 20626 |
| 600 रु से अधिक 700 से कम | 9660 | 856 | - | 10516 |
| 700 रु से अधिक 800 से कम | 3210 | 201 | - | 3411 |
| 800 रु से अधिक 900 से कम | 816 | 51 | - | 867 |
| 900 रु से अधिक 1000 से कम | 545 | 21 | - | 566 |
| 1000 रु से अधिक 1200 से कम | 89 | 5 | - | 94 |
| 1200 रु से अधिक 1500 से कम | - | - | - | - |
| कुल योग | 74773 | 16541 | 3217 | 94531 |

सारणी -2

वेतन अनुसार अराजपत्रित - अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं महिला कर्मचारी

| वेतन वर्ग | अनुसूचित जाति / जन जाति | महिलाएँ |
|---|---|---|
| 300 रू से कम | 1743 | 1628 |
| 300 रू से अधिक 400 से कम | 1794 | 5188 |
| 400 रू से अधिक 500 रू से कम | 1915 | 4381 |
| 500 रू से अधिक 600 रू से कम | 1056 | 2086 |
| 600 रू से अधिक 700 रू से कम | 293 | 659 |
| 700 रू से अधिक 800 रू से कम | 109 | 188 |
| 800 रू से अधिक 900 रू से कम | 19 | 71 |
| 900 रू से अधिक 1000 रू से कम | 23 | 38 |
| 1000 रू से अधिक 1200 रू से कम | - | 6 |
| 1200 रू से अधिक 1500 रू से कम | - | - |
| कुल योग | 6952 | 14245 |

सारणी -3

वेतन अनुसार राजपत्रित कर्मचारी

| वेतन वर्ग | स्थाई | अस्थाई | योग |
|---|---|---|---|
| 500 रु से अधिक 600 से कम | 3 | 1 | 4 |
| 600 रु से अधिक 700 से कम | 28 | 25 | 53 |
| 700 रु से अधिक 800 से कम | 102 | 51 | 153 |
| 800 रु से अधिक 900 से कम | 149 | 64 | 213 |
| 900 रु से अधिक 1000 से कम | 332 | 54 | 386 |
| 1000 रु से अधिक 1200 से कम | 708 | 87 | 795 |
| 1200 रु से अधिक 1500 से कम | 259 | 13 | 272 |
| 1500 रु से अधिक 2000 से कम | 55 | 7 | 62 |
| 2000 रु से अधिक 2500 से कम | 1 | - | 1 |
| 2500 रु से अधिक | - | - | - |
| कुल योग | 1637 | 302 | 1939 |

## सारणी-4

### वेतनमान अनुसार सम्बन्धित अनुसूचित जाति जनजाति एवं महिला कर्मचारी

| वेतनवर्ग | अनुसूचित जाति जनजाति | महिलाएँ |
|---|---|---|
| 500 रू से अधिक 600 रू से कम | 1 | 1 |
| 600 रू से अधिक 700 रू से कम | - | 29 |
| 700 रू से अधिक 800 रू से कम | 5 | 35 |
| 800 रू से अधिक 900 रू से कम | 5 | 49 |
| 900 रू से अधिक 1000 रू से कम | 19 | 29 |
| 1000 रू से अधिक 1200 रू से कम | 14 | 69 |
| 1200 रू से अधिक 1500 रू से कम | 2 | 24 |
| 1500 रू से अधिक 2000 रू से कम | - | 8 |
| 2000 रू से अधिक 2500 रू से कम | - | - |
| 2500 रू से अधिक | - | - |
| कुल योग | 46 | 244 |

सारणी - 5

अराजपत्रित एवं राजपत्रित कर्मचारीयों की मकान संबंधी सूचना

| पद | कर्मचारियों की कुल संख्या | जिन कर्मचारियों के राजस्थान में स्वयं के मकान है | कर्मचारी जिन्होंने ऋण द्वारा मकान खरीदा बनवाया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अल्पआय आवासीय द्वारा | मध्याम आय आवासीय | दोनों स्त्रोतों द्वारा |
| (क) अराजपत्रित कर्मचारी | | | | | |
| 1) चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 12434 | 6828 | 86 | - | - |
| 2) मंत्रालयिक कर्मचारी: | | | | | |
| अ) कनिष्ठ लिपिक | 2037 | 892 | 21 | 10 | - |
| ब) वरिष्ठ लिपिक | 1672 | 880 | 14 | 5 | - |
| स) कार्यालय सहायक | 119 | 69 | 3 | - | 1 |
| द) अधीक्षक | 11 | 5 | - | - | - |
| 3) अधीनस्थ कर्मचारी | 78258 | 43156 | 297 | 425 | 22 |
| योग (क) | 94531 | 51830 | 421 | 440 | 23 |
| (ख) राजपत्रित कर्मचारी | 1939 | 1110 | 28 | 34 | 4 |
| कुल योग.... | 96470 | 52940 | 449 | 474 | 27 |

सारणी-6

अराजपत्रित कर्मचारियों को मकान भत्ता/शहरी भत्ता संबंधी सूचना

| वेतन वर्ग | मकान भत्ता लेने वाले कर्मचारियों की कुल संख्या | शहरी भत्ता प्राप्त करने वालों की संख्या |
|---|---|---|
| 300 रू से कम | 2017 | 478 |
| 300 रू से अधिक 400 से कम | 2578 | 545 |
| 400 रू से अधिक 500 से कम | 4451 | 1377 |
| 500 रू से अधिक 600 से कम | 3390 | 867 |
| 600 रू से अधिक 700 से कम | 1563 | 383 |
| 700 रू से अधिक 800 से कम | 738 | 80 |
| 800 रू से अधिक 900 से कम | 180 | 28 |
| 900 रू से अधिक 1000 से कम | 149 | 37 |
| 000 रू से अधिक | 28 | 5 |
| कुल योग | 15094 | 3800 |

## सारणी - 7

### राजपत्रित कर्मचारियों को मकान एवं शहरी भत्ते संबंधी सूचना

| वेतन वर्ग | मकान भत्ता लेने वाले कर्मचारियों की संख्या | शहरी भत्ता लेने कर्मचारियों की संख्या |
|---|---|---|
| 600 रू से कम | 2 | - |
| 600 रू से अधिक 700 से कम | 4 | 4 |
| 700 रू से अधिक 800 से कम | 14 | 1 |
| 800 रू से अधिक 900 से कम | 28 | 16 |
| 900 रू से अधिक 1000 से कम | 50 | 9 |
| 1000 रू से अधिक 1200 से कम | 124 | 23 |
| 1200 रू से अधिक 1500 से कम | 107 | 17 |
| 1500 रू से अधिक 2000 से कम | 28 | 1 |
| 2000 रू से अधिक 2500 से कम | 1 | - |
| 2500 रू से अधिक | - | - |
| कुल योग | 358 | 71 |

...Unit,
...ional
NIEPA DC
D01870
...1016
...18870
Date. 26/11/84